यूपी में निवेश करें उद्यमी, सुरक्षा सहयोग की गारंटी देगी सरकार

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेशकों व उद्यमियों को सुरक्षा और हर तरह की सुविधा की पूरी गारंटी है। निवेशकों, उद्यमियों के सामने किसी तरह की समस्या सामने नहीं आने दी जाएगी। न तो सुरक्षा के मामले में और न ही शासन की किसी सुविधा के मामले में दिक्कत होगी। निवेशक बेहिचक उत्तर प्रदेश में निवेश करें, सरकार उनके साथ खड़ी मिलेगी।

सीएम सोमवार को गीडा के सेक्टर 26 में तत्वा प्लास्टिक पाइप फैक्टरी के उद्घाटन व 136 करोड़ रुपये के अवस्थापना कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 97 उद्यमियों को भूखंड आवंटन सह आशय पत्र का वितरण किया। सीएम ने कहा कि फरवरी में हुए ग्लोबल इन्वेसटर्स मीट में 36 लाख करोड़ के निवेश का प्रस्ताव आया था। इनके जमीन पर उतरने से एक करोड़ युवाओं को रोजगार मिलेगा।

देश के पहले क्रिकेट स्टेडियम की थीम धार्मिक, 23 को प्रधानमंत्री करेंगे शिलान्यास

वाराणसी। गंजारी में बनने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की थीम धार्मिक होगी। यह देश का पहला स्टेडियम होगा, जिसके भवन व डिजाइन में भगवान भोले शंकर और उनकी नगरी काशी की झलक देखने को मिलेगी। इसकी आधिकारिक डिजाइन जल्द सार्वजनिक की जाएगी। इस स्टेडियम का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 सितंबर को करेंगे। इसकी तैयारियों की समीक्षा मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को की है। उधर, श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं को बाबा के दर्शन के साथ ही चिकित्सकीय सुविधा भी मिलेगी। सीएम ने इसका उद्घाटन किया। ब्यूरो